## मत्स्य पालन विभाग, हरियाणा

## ई– निलामी नोटिस

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य के सभी जिलों के अधिसूचित पानियों, नदियों, नहरों तथा ड्रैनों में वर्ष 2025–26 (1–9–2025 से 31–8–2026 तक) के लिए मछली पकड़ने के अधिकारों की **ई–निलामी** दिनांक 03–07–2025 को प्रातः 9:00 बजे से दोपहर 12.00 बजे तक Online portal www.eauction.gov.in पर की जायेगी।

इच्छुक बोलीदाता को ई–निलामी शुरू होने से पूर्व निम्नलिखित दिनांक अनुसार धरोहर राशि सांय 4.00 बजे तक जिले के सामने दर्शाई गई धरोहर राशि के **offline Demand Draft in favour of Director Fisheries Haryana, Panchkula** के नाम बनवा कर प्रस्तुत किये जाने हैं।

| निलामी की तिथि | धरोहर राशि का ड्राफ्ट जमा करवाने की तिथि |
|---|---|
| 03–07–2025 | 01–07–2025 सांय 4.00 बजे |
| 10–07–2025 | 08–07–2025 सांय 4.00 बजे |
| 17–07–2025 | 15–07–2025 सांय 4.00 बजे |
| 24–07–2025 | 22–07–2025 सांय 4.00 बजे |

सफल बोलीदाता के अतिरिक्त अन्य सभी बोली दाताओं की बोली की धरौहर राशि के डिमांड ड्राफ्ट बोली समाप्त होने पर वापिस कर दिये जायेगें। जिस बोलीदाता की बोली मंजूर होगी, उस सफल बोलीदाता को ठेके की पूरी धनराशि अथवा ठेके की कुल बोली का 1/3 भाग के बराबर धनराशि तथा ठेके की कुल धनराशि का 5% भाग के बराबर सिक्योरिटी उसी दिन (ई–निलामी के दिन) RTGS/NEFT के माध्यम से दिए गए विवरणानुसार सम्बन्धित जिला मत्स्य अधिकारी के बैंक खाते मे जमा करवानी होगी तथा 2/3 हिस्से की धनराशि ई– निलामी की तिथि से 30 (तीस) दिन के अन्दर–अन्दर जमा करवानी होगी। ऐसा न करने पर बोलीदाता द्वारा मौके पर जमा करवाई गई 1/3 हिस्से की धनराशि, धरोहर राशि तथा 5 प्रतिशत जमा करवाई गई सिक्योरिटी जब्त कर ली जायेगी।

ई–निलामी की शर्ते व अन्य विवरण **Online portal** www.eauction.gov.in **तथा विभागिय website www.harfish.gov.in** पर देखी जा सकती हैं तथा किसी भी कार्य दिवस पर सम्बन्धित जिला के जिला मत्स्य अधिकारी/मण्डल के उप–निदेशक मत्स्य या निदेशक मत्स्य पालन विभाग, हरियाणा, पंचकूला के कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है । जिन जिलों की मछली पकडने के अधिकारों की ई– निलामी दिनांक 03–07–2025 में पूर्ण नही होगी, तदानुसार उनकी ई–निलामी पुनः Online दिनांक 10–07–2025, 17–07–2025 व 24–07–2025 को प्रातः 9:00 बजे से दोपहर 12.00 बजे तक की जायेगी।

ई–निलामी का तिथी वाईज विवरणः–

| ई– निलामी की तिथि | ई– निलामी का समय | टिप्पणी |
|---|---|---|
| 03–07–2025 | प्रातः 9:00 बजे से दोपहर 12.00 बजे तक | ई–निलामी **https://etenders.hry.nic.in** portal पर online की जाएगी तथा ई–निलामी से सम्बन्धित गठित कमेटी कार्यालय निदेशक मत्स्य पालन विभाग, हरियाणा बेज नं0 31–32, सैक्टर 4, पंचकूला से आवश्यक कार्यवाही करेगी। |
| 10–07–2025 | –उप– | –उप– |
| 17–07–2025 | –उप– | –उप– |
| 24–07–2025 | –उप– | –उप– |

Sunil Pal 18/6/25

निदेशक मत्स्य पालन विभाग, हरियाणा,
पंचकूला ।

पृ0 कमांक वि0स0–I–2025 / 13549–782 पंचकूला, दिनांक 18/06/2025

इसकी एक प्रति निम्नलिखित को सूचनार्थ एंव प्रचार हेतू भेजी जाती हैः–

1. सभी उप–कार्यालय, मत्स्य पालन विभाग, हरियाणा राज्य।
2. सभी उपायुक्त, हरियाणा राज्य।
3. निदेशक मत्स्य पालन विभाग, पंजाब (चण्डीगढ), हिमाचल प्रदेश (बिलासपुर), राजस्थान (जयपुर), तथा उत्तर प्रदेश (लखनऊ) एवं डिप्टी वार्डन आफ फिशरिज राजकीय मत्स्य बीज फार्म, जी.टी. रोड, सीलमपुर, दिल्ली–53.
4. सभी मछली ठेकेदार, हरियाणा, राजस्थान, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली व उत्तर प्रदेश।
5. निदेशक विकास एवं पंचायत हरियाणा, चण्डीगढ ।
6. सभी जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी, हरियाणा राज्य ।
7. सभी खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी, हरियाणा राज्य ।

Sunil Pal 18/6/25

निदेशक मत्स्य पालन विभाग, हरियाणा,
पंचकूला ।